पंजीयन क्र. 1582/69

जय क्षत्रिय धर्म

जय क्षत्रिय एकता

जय भवानी

म. प्र. राजपूत समाज

5वां अ.भा.क्षत्रिय/राजपूत युवक-युवती परिचय सम्मेलन - 2022

रविवार, 18 दिसम्बर 2022 - भोपाल (म.प्र.)

स्थान- महाराणा प्रताप भवन, मेन रोड नं. 3 चार इमली भोपाल-16 (म.प्र.)

मोबाइल नं. 917 908 1582, फोन नं.- 0755-401 1582

email :- mprajputsamaj1582@gmail.com, www.mprajputsamaj.org

सम्मानीय स्वजातीय बन्धुओं,

म.प्र. राजपूत समाज द्वारा समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के उत्तम चयन हेतु राष्ट्रीय स्तर का परिचय सम्मेलन वर्ष 2017 से भोपाल में आयोजित कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में रविवार, 18 दिसम्बर 2022 को भोपाल में समाज के चार इमली मेन रोड नं. 3 स्थित महाराणा प्रताप भवन में 5वां अ.भा. स्तर का क्षत्रिय/राजपूत युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर समाज की मासिक पत्रिका राजपूत दर्पण का बहुरंगीय विशेषांक प्रकाशित किया जायेगा जिसमें विवाह योग्य पंजीकृत (रजिस्टर्ड) युवक-युवतियों के रंगीन फोटो सहित पूर्ण विवरण (बायोडाटा) छापा जायेगा। इस परिचय सम्मेलन में ऑफलाइन पंजीयन कराने के लिये अंतिम तारीख, सोमवार 05 दिसंबर 2022 तथा ऑनलाइन पंजीयन कराने के लिए अंतिम तारीख, शनिवार 10 दिसंबर 2022 है।

अतः शीघ्र पंजीयन कराकर अपने विवाह योग्य बच्चों के लिए उपयुक्त व योग्य जीवन साथी के चयन हेतु रविवार 18 दिसम्बर 2022 को इस परिचय सम्मेलन में अवश्य पधारें।

आवश्यक नियम व शर्तें

1. परिचय सम्मेलन म.प्र. राजपूत समाज संस्था के महाराणा प्रताप सामाजिक भवन, चार इमली, मेन रोड नं. 3 भोपाल में आयोजित किया जाएगा
2. इस परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए पंजीकरण कराना आवश्यक है। जो कि निम्न अनुसार है। ऑफलाइन पंजीयन शुल्क राशि रूपए 600 (छः सौ केवल) एवं ऑफलाइन पंजीयन शुल्क राशि रूपए 800 (आठ सौ रूपए केवल) है। इस राशि में युवक-युवतियों के बायोडाटा वाली बहु रंगीय राजपूत दर्पण पत्रिका दी जाएगी।
3. पंजीयन फार्म को भरकर कार्यालयः महाराणा प्रताप भवन, मेन रोड नं. 3, चार इमली, भोपाल- 462016 (म.प्र.) के पते पर, सोमवार 05 दिसंबर 2022 के पूर्व भेजें (ऑफलाइन) या व्यक्तिगत जमा करायें तथा (ऑनलाइन) शनिवार 10 दिसंबर 2022 तक जमा करें।
4. क्षत्रिय राजपूत युवक-युवती परिचय सम्मेलन म.प्र. राजपूत समाज, भोपाल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अतः इस संबंध में किसी व्यावसायिक रिश्ते कराने वाले मैरिज ब्यूरो या अन्य किसी संस्था से कोई सम्पर्क न करें और न ही किसी को पैसा दें।
5. सम्मेलन में युवक/युवती के साथ माता पिता या उनके अभिभावक का रहना अनिवार्य होगा।
6. पंजीकरण के पश्चात युवक/युवती एवं उनके माता-पिता अथवा दो अभिभावक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते है।
7. क्षत्रिय राजपूत युवक-युवती परिचय-सम्मेलन में पधारे हुए पंजीकृत किसी भी युवक-युवती का बायोडाटा संस्था से मांग करने पर प्राप्त किया जा सकता है।
8. ऑफ लाइन पंजीयन फार्म सोमवार दिनांक-05 दिसंबर 2022 तथा ऑन लाइन फार्म शनिवार दिनांक-10 दिसंबर 2022 तक ही स्वीकार किये जायेंगे इसके बाद प्राप्त फार्मो का विवरण राजपूत दर्पण स्मारिका मे प्रकाशित नहीं किया जायेगा ।
9. परिचय सम्मेलन के अवसर पर विवाह योग्य युवक-युवती की रंगीन फोटो व बायोडाटा सहित प्रकाशित राजपूत दर्पण स्मारिका की प्रति 500/-रूपये देकर प्राप्त की जा सकती है।
10. संस्था का उत्तरदायित्व केवल परिवारों का परिचय करवाने तक ही होगा, तत्पश्चात् विवाह संबंधी समस्त बातें परिजनों को स्वयं आपस में तय करनी होंगी तथा एक दूसरे से संबंधित पारिवारिक पूर्ण जानकारी व सन्तुष्टि परिजनों को स्वयं ही प्राप्त करनी होगी। संस्था का इसमें कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
11. अपूर्ण अथवा गलत सूचना देने पर फार्म अस्वीकृत कर दिया जायेगा। पंजीकरण फार्म में दी गई जानकारी के लिए अभिभावक स्वंय ही जिम्मेदार होंगे इसके लिए संस्था या उसके पदाधिकारी किसी भी रूप से जिम्मेदार नहीं होगी।
12. परिचय सम्मेलन में भाग लेने हेतु युवक की आयु 21 वर्ष व युवती की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।
13. शादी संबंध स्थापित होने की स्थिति में म.प्र. राजपूत समाज के कार्यालय के दूरभाष नं. 0755-4011582, मोबाइल नं. 917 908 1582 या ई-मेलः mprajputsamaj1582@gmail.com पर भी सूचित कर सकते हैं।
14. हमारा उद्देश्य क्षत्रिय / राजपूत समाज की वैवाहिक समस्या को हल करने में मदद करना व समाज सेवा करना है। यह कार्य व्यावसायिक नहीं है पूर्णतः अव्यावसायिक है।
15. परिचय सम्मेलन का समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक रहेगा।
16. यह परिचय सम्मेलन आपका अपना है अतः आप सभी अधिक से अधिक सहयोग देकर इस सामाजिक आयोजन को सफल बनाएं।
17. महाराणा प्रताप भवन परिसर में प्रवेश देने ना देने का अधिकार म.प्र. राजपूत समाज के मान. अध्यक्ष जी के पास सुरक्षित है।

जय क्षत्रिय धर्म, जय क्षत्रिय एकता।